mÙkjk[k.M lokZn; eaMy

dSEi dk;kZy; & fgeky; HkkxhjFkh vkJe] iksLV& ekryh] mÙkjdk'kh&249193

Date- 03-06-2013

उत्तराखण्ड जनपदस्तरीय सर्वोदय मंडल के अध्यक्षों, सदस्यों, सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं, तथा यात्रा के सहयोगी साथियों की सेवामें–

प्रिय बंधु

गत वर्ष 20 नवम्बर से 9 दिसम्बर 2012 के दौरान उत्तराखण्ड से हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली तक **जल, जंगल, जमीन, स्वराज अभियान** चलाया गया था। उस समय उत्तराखण्ड के तराई व कुमाऊँ क्षेत्र को इस अभियान में नहीं जोड़ा जा सका था। अब इसको ध्यान में रखते हुये इस वर्ष भी इस अभियान का आयोजन 12 जून 2013 से प्रारम्भ हो रहा है। इसका प्रारम्भ छरबा गाँव से किया जा रहा है। छरबा गाँव के घने जंगल व खेती की जमीन को कोका कोला प्लान्ट लगाने के लिये सरकार ने चिन्हित किया है। यह गाँव के लोगों की अनुमति के बिना किया गया है। यहाँ पर लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इसलिये हम सब लोगों को 12 जून को छरबा गाँव के विरोध को समझने का भी मौका मिलेगा और उनका समर्थन भी कर पायेंगे।

छरबा गाँव देहरादून से 32 किमी0 की दूरी पर है और विकासनगर पहुँचने से पहले 3 किमी0 की दूरी पर मुख्य मोटर मार्ग से जुड़ा हुआ है। 11 जून की सांय को पहुँचने वाले प्रतिनिधियों के ठहरने की व्यवस्था प्रसिद्ध सामाजिक संगठन हैस्को ग्राम शुक्लापुर में है। यहाँ पर पहुँचने के लिये आप हमें फोन कर सकते हैं। देहरादून से ISBT व मंडी चौक से शुक्लापुर व छरबा के लिये पर्याप्त बसें हैं। सीधे विकासनगर जाने वाली बसों से भी शुक्लापुर व छरबा पहुँचा जा सकता है। 12 तारीख को रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी हैस्को ग्राम में है।

आप सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम इस पत्र के साथ संलग्न हैं। अन्य जानकारी फोन या पत्र से आपको भेजी जायेगी। यहाँ गाँव में प्रधान रुमीराम जसवाल (09411711737), इन्द्र सिंह नेगी (09410366444), अभिनव अमिताभ (09012662662) से संपर्क रहेगा।

शुभ कामनाओं के साथ!

विनीत
सुरेश भाई
अध्यक्ष
उत्तराखण्ड सर्वोदय मंडल

प्रतिलिपि–

1–सुश्री राधा बहन, अध्यक्ष, सर्व सेवा संघ
2– अशोक भारत, सर्व सेवा संघ, वाराणासी
3– डा0 अनिल जोशी, हैस्को ग्राम शुक्लापुर, देहरादून